दिल्ली पब्लिक स्कूल, जम्मू

सत्र (2018–2019)

पुनरावृत्ति पत्रिका

कक्षा : *तीसरी* *विषय* : *हिन्दी*

नाम : .... *अनुक्रमांक* :

प्र01 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

अगस्त का महीना बरसात का होता है। इस समय हवाएँ ठंडी और थोड़ी तेज़ चलती हैं। गरमी से राहत मिलती है। इसी महीने में रक्षाबंधन, कृष्ण जन्माष्टमी जैसे त्योहार मनाए जाते हैं। 15 अगस्त के दिन राष्ट्रीय त्योहार–स्वतंत्रता दिवस मनाया जाता है। रक्षाबंधन के दिन बहने भाइयों की कलाई पर राखी बाँधती हैं और भाई उन्हें उपहार देते हैं। जन्माष्टमी पर लोग व्रत रखते हैं और कृष्ण लीला की झांकियाँ सजाई जाती हैं। अगस्त का महीना सबको बड़ा प्यारा लगता है।

क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

1) अगस्त के महीने में आने वाले त्योहार कौन-कौन से हैं?

2) 15 अगस्त के दिन कौन–सा दिवस मनाया जाता है?

ख) सही विकल्प चुनकर लिखिए–

1) अगस्त का महीना किसका होता है?

क) बरसात का ख) गर्मी का

2) बहने भाई की कलाई पर क्या बाँधती हैं?

क) घड़ी ख) राखी

ग) निम्नलिखित शब्दों के सही अर्थ चुनकर लिखिए–

1) दिवस– दिन, अवसर

2) उपहार– रेल, भेंट

घ) निम्नलिखित वाक्यों में सही/गलत का निशान लगाएँ–

1) जन्माष्टमी पर राम जी की झांकियाँ सजाई जाती हैं।

2) अगस्त के महीने में गर्मी से राहत मिलती है।

प्र02 निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

तभी रूपा की माँ वहाँ आ गई। उन्होंने एक शीशा लिया और उसके चेहरे के सामने कर दिया। जब रूपा ने शीशे में अपना चेहरा देखा तो वह घबरा गई। शीशे में उसका चेहरा बहुत भद्दा लग रहा था। अपना बिगड़ा हुआ रूप देखकर वह रोने लगी।

क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

1) वहाँ कौन आ गई और उन्होंने क्या लाया?

2) रूपा क्या देखकर रोने लगी?

ख) निम्नलिखित वाक्यों में सही/गलत का निशान लगाएँ–

1) शीशे में उसका चेहरा सुंदर लग रहा था।

2) उन्होंने एक शीशा लाया और उसके चेहरे के सामने कर दिया।

प्र03 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

क) रूपा को माँ की कौन–सी बात अच्छी नहीं लगती थी?

ख) खेल दिवस क्या होता है और खेल–दिवस के दिन बच्चों ने क्या करना था?

ग) रूपा की माँ ने शीशे से क्या किया?

प्र04 निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाएँ

क) आदत ख) आँखें लाल होना ग) फुदक–फुदक कर घ) आनंद

प्र05 निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति करें–

क) काम्या सुबह ....उठी। झटपट नहा – धोकर .... हो गई।

ख) माँ ने एक ....लाया और रूपा के .... के सामने कर दिया।

ग) रूपा को माँ की बात ....आ गई।

प्र06. निम्नलिखित कविता की पंक्तियाँ पूरी करें–

दिशा–दिशा का मिटा अँधेरा, ...।

...., ठीक नहीं अब इतना सोना।

प्र07. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द में दीजिए–

क) खेल–दिवस पर बहुत से बच्चों नें क्या जीते?

ख) रूपा क्या देखकर रोने लगी?

ग) किसने सीटी बजाई?

प्र08 सही विकल्प चुनकर लिखें–

1) बोरी–दौड़ में किस कक्षा के बच्चों ने भाग लिया?

क. तीसरी ख. चौथी

2) रूपा क्या लाई?

क. फूलदान ख. शीशा

प्र09 निम्नलिखित वाक्यों को पढ़कर भाषा के सही रूप लिखिए–

क) राजन दीवार पर लिख रहा है।..............................

ख) रीता गाना गा रही है।............................

ग) पिताजी फाइल में लिख रहे हैं।..........................

प्र010 निम्न राज्यों की भाषाएँ लिखें–

क. गुजरात ख. आंध्रप्रदेश ग. बंगाल

प्र011 निम्नलिखित रिक्त स्थान भरिए–

क) हिंदी वर्णमाला में व्यंजनों की संख्या .... है।

ख) वर्णों के.......................... समूह को वर्णमाला कहते हैं।

ग) हिंदी .... में दो प्रकार के वर्ण हैं।

प्र012 निम्नलिखित वाक्यों में सही संज्ञा शब्द लिखिए –

क) ताजमहल ....में स्थित है।

ख) आज मैंने नई..खरीदी।

ग) ....नाच रहा है।

प्र013 निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य दोबारा लिखिए –

क) बकरा घास खा रहा है।

ख) छात्र खेल रहा है।

ग) सेवक काम का रहा है।

प्र014 निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलिए–

क) हंस ख) राजकुमार ग) विद्वान घ) मामा

प्र015 निम्न दिए गए चित्र का वर्णन सहायक सूची के माध्यम से अनुच्छेद के रूप में कीजिए (शब्द सीमा 60–70)

संकेत बिंदु– गाँव, लड़का, कबूतर, दाना, कुआँ, खेत, घर, गाय, पेड़, बादल, सूरज, पक्षी, आदमी